नव भारत
राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से


5 चंदा चोरी पर योगी का अखिलेश पर हमला


6 नागरिकता का प्रमाण नहीं है पासपोर्ट



7 छह दिग्गज कंपनियों का बाजार मूल्य बढ़ा



8 आयरलैंड ने भारत को दिया 155 रनों का लक्ष्य

# सऊदी और फ्रांस में विमान हादसे

**14** लोगों की सऊदी अरब में मौत

**11** लोगों की फ्रांस में गई जान



**रियाद/पेरिस, 28 जून. सऊदी अरब और फ्रांस में रविवार को हुए दो अलग-अलग हवाई हादसों ने एक ही दिन में 25 लोगों की जान ले ली. सऊदी अरब के रास तानुरा क्षेत्र में सऊदी अरामको कंपनी का एक हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें सवार 14 लोगों की मौत हो गई। वहीं फ्रांस के पूर्वी हिस्से में स्काईडाइवर्स को लेकर उड़ान भर रहा एक हल्का नागरिक विमान रनवे के पास क्रैश हो गया, जिसमें पायलट सहित सभी 11 लोगों की मौत हो गई. दोनों घटनाओं के कारणों की जांच शुरू कर दी गई है.**

**तानुरा स्थित एक प्रमुख तेल रिफाइनरी के पास हुआ क्रैश :** हेलीकॉप्टर हादसा रविवार सुबह लगभग छह बजे रास तानुरा स्थित एक प्रमुख तेल रिफाइनरी के निकट हुआ. हेलीकॉप्टर सऊदी अरामको कंपनी का था और दुर्घटना के तुरंत बाद राहत एवं बचाव दल मौके पर पहुंच गए. हालांकि सभी 14 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई. प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, मृतक सभी सऊदी अरब के नागरिक थे। हादसे के कारणों का अभी तक खुलासा नहीं हुआ है और संबंधित एजेंसियां तकनीकी तथा अन्य संभावित कारणों की जांच कर रही हैं। सऊदी ऊर्जा मंत्रालय ने हादसे पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट की है. मंत्रालय ने अपने बयान में कहा कि इस कठिन समय में सरकार और मंत्रालय प्रभावित परिवारों के साथ खड़े हैं तथा दुर्घटना की विस्तृत जांच कराई जाएगी ताकि हादसे के कारणों का पता लगाया जा सके और भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जा सके.

### उड़ान भर रहा नागरिक विमान हुआ दुर्घटनाग्रस्त

फ्रांस के पूर्वी शहर टॉम्ब्लेन के निकट स्काईडाइविंग प्रशिक्षण के लिए उड़ान भर रहा एक नागरिक विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया. स्थानीय प्रशासन के अनुसार, विमान नैन्सी-एस्से एयरोड्रोम के रनवे के पास घास वाले क्षेत्र में गिरा. हादसे में पायलट, पांच प्रशिक्षक और पांच प्रशिक्षु स्काईडाइवर्स सहित सभी 11 लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने इसे हाल के वर्षों में फ्रांस के सबसे भीषण हल्के विमान हादसों में से एक बताया है. म्यूर्थ-एट-मोसेल प्रांत के प्रीफेक्ट यवेस सेगुई ने बताया कि विमान दुर्घटना आबादी वाले इलाके के बेहद करीब हुई.

### कानपुर एयरपोर्ट पर उड़ान के दौरान हादसा

**नई दिल्ली/कानपुर, 28 जून.** नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने कानपुर (चकेरी) हवाई अड्डे पर 26 जून को हुई एक विमानन दुर्घटना के संबंध में बयान जारी किया है. हादसे में गर्ग एविएशन फ्लाइंग ट्रेनिंग ऑर्गेनाइजेशन (एफटीओ) के प्रशिक्षु पायलट को चल रहे प्रोपेलर से चोट लग गई थी.डीजीसीए के अनुसार, 26 जून की रात गर्ग एविएशन का ट्विन इंजन टेक्नम पी2006टी विमान कानपुर के चकेरी एयरपोर्ट पर रात्रिकालीन प्रशिक्षण उड़ान में संलग्न था. विमान में एक फ्लाइट इंस्ट्रक्टर और एक कैडेट (प्रशिक्षु पायलट) सवार थे. लैंडिंग के बाद प्रशिक्षु पायलट विमान का इंजन बंद होने से पहले ही विमान से उतर गई. इसी दौरान वह विमान के चल रहे प्रोपेलर की चपेट में आ गई.

# अपने देश के आतंकवादी ढांचे को खत्म करे पाक

- कराची हमले पर भारत का पाकिस्तान को करारा जवाब
- आतंकवाद पर पहले अपने गिरेबान में झांके पाक

**नई दिल्ली, 28 जून. कराची में सिंध रेंजर्स मुख्यालय पर हुए आतंकी हमले के बाद भारत पर लगाए गए पाकिस्तान के आरोपों को भारत सरकार ने पूरी तरह निराधार बताते हुए खारिज कर दिया है.**

विदेश मंत्रालय ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि आतंकवाद को राज्य की नीति के रूप में इस्तेमाल करने वाले पाकिस्तान को दूसरों पर आरोप लगाने के बजाय अपने भीतर झांकने और अपने क्षेत्र में सक्रिय आतंकी ढांचे के खिलाफ विश्वसनीय कार्रवाई करने की आवश्यकता है. भारत की यह प्रतिक्रिया ऐसे समय आई है जब पाकिस्तान ने कराची में हुए हमले के बाद अप्रत्यक्ष रूप से भारत पर आरोप लगाने की कोशिश की थी. उन्होंने कहा कि अपने देश के आतंकवादी ढाँचा को पाकिस्तान खत्म करें.



विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने रविवार को मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि भारत ने कराची की हालिया घटना को लेकर पाकिस्तान की ओर से लगाए गए आरोपों की रिपोर्टें देखी हैं, लेकिन इन आरोपों का कोई आधार नहीं है. उन्होंने कहा कि भारत ऐसे सभी आरोपों को स्पष्ट रूप से अस्वीकार करता है. प्रवक्ता ने दो टूक कहा कि पाकिस्तान को दूसरों पर उंगली उठाने से पहले अपने गिरेबान में झांकना चाहिए और अपनी धरती पर मौजूद आतंकवादी नेटवर्क के खिलाफ ठोस तथा विश्वसनीय कार्रवाई करनी चाहिए.

## एक नजर में


### कराची में आतंकी हमले में तीन सुरक्षाकर्मी और चार आतंकवादी मारे गए

**इस्लामाबाद, 28 जून.** पाकिस्तान के दक्षिणी बंदरगाह शहर कराची में रेंजर्स के ठिकाने पर आतंकवादी हमले में तीन सुरक्षाकर्मी मारे गये. वहीं सुरक्षा बलों ने जवाबी कार्रवाई करते हुए चार आतंकवादियों को मार गिराया. सिंध के महानिरीक्षक (आईजी) जावेद आलम ओधो ने यह जानकारी देते हुए बताया कि यह घटना स्थानीय समयानुसार रविवार रात करीब 8:10 बजे हुई. आतंकवादियों के एक समूह ने कराची के गुलिस्तान-ए-जौहर इलाके के पास रेंजर्स की इमारत के मुख्य गेट पर विस्फोटकों से लदी गाड़ी टकरा दी. उन्होंने बताया कि सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच हुई गोलीबारी में चार आतंकवादी मारे गये. पुलिस अधिकारी के अनुसार, मुख्य गेट पर तैनात सुरक्षाकर्मियों ने तुरंत जवाबी कार्रवाई की. उन्होंने परिसर के भीतर हमलावरों को घुसने से रोक दिया. सिंध के मुख्यमंत्री सैयद मुराद अली शाह ने अधिकारियों को दोषियों को पकड़ने के लिए सभी जरूरी कदम उठाने के निर्देश दिये हैं.

# भीषण गर्मी की चपेट में फ्रांस

## हीटवेव के दौरान 1,000 लोगों की मौत

**पेरिस, 28 जून. फ्रांस में इस हफ्ते भीषण गर्मी के कारण अस्पतालों और आपातकालीन सेवाओं पर अधिक बेहद बढ़ गया है और 24 जून से अब तक देश में करीब 1,000 लोगों की मौतें हुई है. देश के कई हिस्सों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस पार पहुंच जाने से इमरजेंसी कॉल में बेतहाशा बढ़ोतरी हो गयी है.**



पब्लिक हेल्थ फ्रांस ने रविवार को बयान जारी कर बताया कि बुधवार (24 जून) से अब तक देश में सामान्य दिनों के मुकाबले करीब 1,000 से अधिक अतिरिक्त मौतें दर्ज की गयी हैं. एजेंसी के अनुसार, इस आपदा का सबसे ज्यादा असर उन इलाकों में देखा गया जो रेड हीट अलर्ट पर थे. इनमें इले-डी-फ्रांस, नुवेल-अकिटेन, ब्रिटनी, सेंटर-वैल डी लॉयर, नॉर्मंडी और पेस डी ला लॉयर शामिल हैं. इनमें से करीब 85 प्रतिशत मौतें 65 वर्ष या उससे अधिक उम्र के बुजुर्गों की हुई हैं.

# राम मंदिर ट्रस्ट में बड़ा बदलाव, चंपत राय का इस्तीफा मंजूर

**अयोध्या, 28 जून.** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने महासचिव चंपत राय और ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्रा के इस्तीफे की आधिकारिक पुष्टि कर दी है. दोनों ने 26 जून को अपने पदों से इस्तीफा दिया था, जिसकी पुष्टि ट्रस्ट ने करीब 30 घंटे बाद की. अब 11 जुलाई को प्रस्तावित ट्रस्ट की बैठक में इन इस्तीफों पर औपचारिक निर्णय लेने के साथ-साथ नए महासचिव के चयन, ट्रस्ट के पुनर्गठन और राम मंदिर के संचालन की नई कार्य योजना पर चर्चा होने की संभावना है. सूत्रों के अनुसार, चंपत राय का अयोध्या से हटना लगभग तय माना जा रहा है और उन्हें नई जिम्मेदारी के तहत दिल्ली स्थित विश्व हिंदू परिषद मुख्यालय में भेजा जा सकता है. वहीं, राम मंदिर निर्माण कार्य से जुड़े गोपाल राव को भी अयोध्या से पश्चिम भारत में नई जिम्मेदारी दिए जाने की चर्चा है. दूसरी ओर, डॉ. अनिल मिश्रा के ट्रस्ट से हटने के बाद उन्हें किसी प्रमुख पद की जिम्मेदारी दिए जाने की संभावना फिलहाल कम बताई जा रही है.



# श्री अनंत अंबानी ने तिरुमाला में बाल अर्पित किए और सुप्रभातम सेवा में भाग लिया

**तिरुमाला, 28 जून. रिलायंस इंडस्ट्रीज के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर श्री अनंत अंबानी ने रविवार तड़के तिरुमाला में भगवान वेंकटेश्वर के पवित्र पहाड़ी मंदिर में पूजा-अर्चना की और अपनी गहरी आस्था व भक्ति को दोहराया।**

श्री अनंत अंबानी रात करीब 1 बजे तिरुमाला पहुंचे और भगवान वेंकटेश्वर स्वामी को बाल अर्पित करने की सदियों पुरानी परंपरा का पालन किया। यह समर्पण और भक्ति का एक सम्मानित कार्य है जिसे हर साल मंदिर आने वाले लाखों भक्त निभाते हैं।

उनकी यह यात्रा इस बात की याद दिलाती है कि दुनिया चाहे कितनी भी बदल जाए, आस्था और अपनी जड़ों से जुड़ाव हमेशा बना रहता है।

सुबह करीब 3.30 बजे, श्री अनंत अंबानी ने पवित्र सुप्रभातम सेवा में भाग लिया, जो मुख्य देवता को जगाने की रस्म है। दर्शन के बाद, मंदिर के पुजारियों ने उन्हें वैदिक मंत्रों के साथ आशीर्वाद दिया, जबकि तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (TTD) के एग्जीक्यूटिव ऑफिसर ने उन्हें एक पवित्र स्मृति-चिह्न और प्रसाद भेंट किया।





अपनी यात्रा के दौरान, श्री अनंत अंबानी ने मंदिर की गौशाला में भी समय बिताया, जहां उन्होंने पूजा की और गायों व मंदिर के हाथियों के साथ समय बिताया। बाद में, अपनी आध्यात्मिक यात्रा समाप्त करने से पहले वे श्री पद्मावती अम्मावरी मंदिर में पूजा-अर्चना करने के लिए तिरुपति गए। वे सुबह करीब 6.30 बजे तिरुपति से रवाना हुए। यह यात्रा भारत की आध्यात्मिक परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत के प्रति श्री अनंत अंबानी की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाती है। देश के सबसे सम्मानित तीर्थ स्थलों में से एक में सुबह-सुबह की इन रस्मों के हजारों भक्त साक्षी बने।

# वेनेजुएला भूकंप में मृतकों की संख्या 1,430 हुई

## 51,000 से अधिक अभी भी लापता

**काराकास, 28 जून.** वेनेजुएला में बुधवार को आए दो विनाशकारी भूकंपों के तीन दिन बाद मृतकों का आंकड़ा बढ़कर 1,430 हो गया है, और 51,000 से अधिक लोग अब भी लापता हैं इस बीच राहत एजेंसियों ने चेतावनी दी है कि मलबे में जीवित बचे लोगों को सुरक्षित निकालने के लिए बेहद महत्वपूर्ण 72 घंटे की समय-सीमा तेजी से खत्म हो रही है. उत्तरी तटीय क्षेत्र ला गुएरा में मलबे के कारण पैदा हुए भारी ट्रैफिक जाम और बाधाओं को देखते हुए प्रशासन ने शुक्रवार रात से इस पूरे इलाके में बाहरी लोगों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया है. अब वहां जाने के लिए आधिकारिक परमिट अनिवार्य कर दिया गया है. नेशनल असेंबली के प्रमुख जॉर्ज रोड्रिगेज ने त्रासदी की गंभीरता को स्वीकार करते हुए कहा कि वे इस तबाही की भयावहता को बिल्कुल नहीं छिपायेंगे. हालांकि जमीनी स्तर पर सरकारी बचाव दलों की भारी कमी के कारण स्थानीय लोग बेहद हताश हैं और अपने हाथों से ही मलबे को हटाने में जुटे हैं. कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज ने बताया कि ला गुएरा इलाको को सेना के हवाले कर दिया गया है और प्रभावितों को भोजन-पानी बांटा जा रहा है.

### बिना जरूरी दस्तावेजों के मानसरोवर यात्रा शुरू न करें : विदेश मंत्रालय

**नई दिल्ली 28 जून.** विदेश मंत्रालय ने नेपाल में फंसे भारतीय नागरिकों को सलाह दी है कि वे बिना जरूरी दस्तावेजों के कैलाश मानसरोवर यात्रा शुरू न करें. विदेश मंत्रालय ने नेपाल में फंसे भारतीय नागरिकों से सहायता के लिए मिले अनुरोधों के बाद शनिवार की रात यह परामर्श जारी किया. मंत्रालय ने कहा है कि उसने निजी यात्रा संचालकों द्वारा आयोजित यात्राओं के माध्यम से आवश्यक प्रवेश परमिट एवं चीन के वीज़ा के बिना कैलाश मानसरोवर यात्रा करने के दौरान नेपाल में फँसे भारतीय नागरिकों से सहायता एवं सहयोग के लिए अनेक अनुरोधों का संज्ञान लिया है.

## गुस्ताखी माफ




**तीन दिनी यात्रा** पीएम मोदी को पर्यावरण संरक्षण और सतत् विकास में नेतृत्व के लिए यह सम्मान दिया

# पीएम मोदी को सेशेल्स का सर्वोच्च सम्मान

**नई दिल्ली, 28 जून. सेशेल्स ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को रविवार को अपने सर्वोच्च सम्मान ब्लू होराइजन के संरक्षक से सम्मानित किया. सेशेल्स की तीन दिन की यात्रा पर गये श्री मोदी को राष्ट्रपति पैट्रिक हर्मिनी के साथ द्विपक्षीय वार्ता के बाद यह सम्मान प्रदान किया गया.**



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास में नेतृत्व के लिए यह सम्मान दिया गया है. यह सम्मान सतत विकास को बढ़ावा देने और हरित दृष्टिकोण के प्रधानमंत्री मोदी के दीर्घकालिक प्रयासों को मान्यता देता है. यह सम्मान मिलने के बाद श्री मोदी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि मैं सेशेल्स की जनता, सरकार तथा राष्ट्रपति हर्मिनी का हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ कि उन्होंने मुझे ब्लू होराइज़न के संरक्षक का सम्मान दिया।

> जलवायु परिवर्तन, सतत विकास और हरित विकास के क्षेत्र में प्रधानमंत्री मोदी के कार्यों को मिली वैश्विक मान्यताओं की श्रृंखला में यह नवीनतम सम्मान है. अभी पिछले महीने ही संयुक्त राष्ट्र खाद्य एवं कृषि संगठन ने खाद्य सुरक्षा को सुदृढ़ करने, कृषि क्षेत्र में परिवर्तन लाने और सतत खेती को बढ़ावा देने के लिए श्री मोदी को एग्रीकोला पदक से सम्मानित किया था.